# कोटा विश्वविद्यालय, कोटा

महाराव भीमसिंह मार्ग, कबीर सर्किल के पास, कोटा–324005

क्रमांक– एफ 9( )परीक्षा/कोविको/2024/2476 दिनांक – 11-12-2024

**प्रथम सेमेस्टर परीक्षा–2025 (दिसम्बर–2024) स्नातक व स्नातकोत्तर/व्यावसायिक पाठ्यक्रम हेतु ऑनलाईन परीक्षा/नामांकन आवेदन पत्र भरने सम्बन्धी विज्ञप्ति**

कोटा विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा परीक्षा वर्ष–2025 (दिसम्बर–2024) **प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में प्रथम बार प्रविष्ठ होने वाले नियमित एवं स्वयंपाठी छात्रों के लिए समस्त सेमेस्टर पाठ्यक्रमों** की परीक्षाओं के लिए ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने का कार्यक्रम निम्नानुसार है:–

| नामांकन/पात्रता एवं परीक्षा आवेदन पत्र सामान्य परीक्षा शुल्क के साथ ऑनलाइन भरने की तिथि | नामांकन/पात्रता एवं परीक्षा आवेदन पत्र विलम्ब शुल्क राशि रू. 100/– के साथ ऑनलाइन भरने की तिथि | नामांकन/पात्रता एवं परीक्षा आवेदन पत्र परीक्षा शुल्क के बराबर विलम्ब शुल्क के साथ ऑनलाइन भरने की तिथि | महाविद्यालय/विभाग में परीक्षा आवेदन पत्र मय चालान की हार्डकॉपी प्रस्तुत करने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 12.12.2024 से 18.12.2024 तक | 19.12.2024 से 23.12.2024 तक | 24.12.2024 से 28.12.2024 तक | 12.12.2024 से 02.01.2025 तक |

## विशेष महत्वपूर्ण निर्देश

- सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा आवेदन पत्र भरने से पूर्व **ABC ID/APAAR ID** बनाया जाना अनिवार्य है। अतः परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन पत्र भरते समय निर्धारित स्थान पर स्वयं का मोबाईल नं., ई–मेल आई.डी. एवं **ABC ID/APAAR ID प्रविष्ठ करें तथा ABC ID/APAAR ID बनाने में प्रयुक्त मोबाईल नम्बर को ही परीक्षा आवेदन पत्र भरते समय निर्धारित स्थान पर भरना अनिवार्य है। अन्य मोबाईल नम्बर भरने पर परीक्षा आवेदन पत्र** स्वतः ही निरस्त माना जावेगा।

- स्नातक/स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष की परीक्षा में पहली बार प्रविष्ट होने वाले नियमित/स्वयंपाठी परीक्षार्थियों को नई शिक्षा नीति के अनुसार सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत सेमेस्टर–प्रथम हेतु परीक्षा आवेदन पत्र भरना अनिवार्य है।

- सर्वर एवं ऑनलाईन भुगतान सम्बन्धी समस्या से बचने के लिए परीक्षार्थी अन्तिम तिथि का इन्तजार किये बिना ही परीक्षा आवेदन पत्र भरें।

- स्नातक भाग–प्रथम/स्नातकोत्तर पूवार्द्ध के अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा आवेदन पत्र भरें।

- बी.ए./बी.एससी./बी.कॉम./एम.ए./एम.एससी. गणित/एम.कॉम. पाठ्यक्रमों के स्वयंपाठी परीक्षार्थियों की आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा सम्बन्धित महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र के स्तर पर ही आयोजित करवायी जावेगी, इस हेतु परीक्षार्थी सम्बन्धित महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र के सम्पर्क में रहें।

- सेमेस्टर परीक्षा में प्रविष्ट होने वाले सभी परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन पत्र की हार्डकॉपी मय समस्त अंकतालिकाओं के साथ महाविद्यालय/विश्वविद्यालय विभाग से अग्रेषित करवाकर सम्बन्धित महाविद्यालय/विश्वविद्यालय विभाग में जमा करवाना सुनिश्चित करें। ऐसे परीक्षार्थी जिन्होंने अन्य विश्वविद्यालयों से स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण की है वे सभी सम्बन्धित महाविद्यालय/विश्वविद्यालय विभाग में मूल माईग्रेशन सर्टिफिकेट एवं मूल अंकतालिकाऐं जमा करावें।

- जिन परीक्षार्थियों ने बी.ए./बी.एससी./बी.कॉम. भाग–प्रथम की परीक्षा अन्य विश्वविद्यालयों से उत्तीर्ण कर, स्नातक भाग–द्वितीय एवं स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध/उत्तरार्द्ध में अन्य विश्वविद्यालयों से बी.एड. परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरान्त परीक्षा में कोटा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश लिया है या स्वयंपाठी छात्र के रूप में परीक्षा में प्रविष्ट हो रहे हैं, ऐसे परीक्षार्थी अपना मूल माईग्रेशन सर्टिफिकेट मय मूल अंकतालिका के साथ परीक्षा आवेदन पत्र सम्बन्धित महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र में जमा करावें।

- निर्धारित तिथि के उपरान्त विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र भरने की तिथि में वृद्धि नहीं की जावेगी। अतः समस्त छात्रों को सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि तक आवश्यक रूप से ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भर कर सम्बन्धित महाविद्यालय/विश्वविद्यालय विभाग में जमा करना सुनिश्चित करें।

*परीक्षा सम्बन्धित अन्य जानकारियों एवं परीक्षा समय सारणी हेतु छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट का निरन्तर अवलोकन करते रहें।*

अन्य महत्वपूर्ण निर्देशः–

1. परीक्षा आवेदन पत्र भरने सम्बन्धी विस्तृत निर्देश एवं प्रक्रिया विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.uok.ac.in अथवा www.univexam.info/Uok/ पर उपलब्ध है। परीक्षा से सम्बन्धित सभी जानकारियों हेतु छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।
2. **परीक्षा शुल्क जमा कराने सम्बन्धी चार्जेज** :– समस्त छात्र निर्धारित परीक्षा शुल्क निम्नानुसार ICICI Bank के ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से निम्नानुसार परीक्षा शुल्क जमा करवा सकते है:–

| Service Name | Charges (In Rs) |
|---|---|
| Online Payment of Fees through Website of University of Kota **(On ZERO Charges)** | Through Debit Card of any bank **: ZERO** Charges per transaction |
| | Through Net Banking of any bank **: ZERO** Charges per transaction |
| Process flow: Student can visit University Website and click on "ONLINE PAYMENT" tab. The student will be able to pay through any bank debit card or net banking of any bank at ZERO Charges. After successful transaction of fee student can take the print out of their examination form from the University Website. The filled examination form shall be deposited with the respective examination centre/college/department. | |

3. जिन छात्रों को परीक्षा आवेदन पत्र मय दस्तावेजों के महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र पर जमा करवाने है, वे ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से जमा कराये गये परीक्षा शुल्क विवरण (टोकन नं., जमा राशि व दिनांक) परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी की दोनों प्रतियों में निर्धारित स्थान पर परीक्षार्थी अपने हस्ताक्षर करें तथा हार्ड कॉपी के साथ परीक्षा शुल्क जमा कराने के चालान की मूल प्रति संलग्न करें।
4. **ऑनलाईन शुल्क जमा करने के उपरान्त तकनीकी कारणों से ट्रांजेक्शन फेल/Transation status clear नहीं होने की स्थिति में कम से कम 48 घण्टे तक दुबारा भुगतान नहीं करें। 48 घण्टे के उपरान्त वेबसाईट पर जाकर अपना चालान नं. प्रविष्ट कर चालान वेरिफाई करने के उपरान्त फार्म प्रिन्ट किया जा सकता है। जिन परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र की ऑनलाईन शुल्क जमा करवाते समय परीक्षा शुल्क खाते से कट जाती है और परीक्षा आवेदन पत्र का प्रिन्ट नहीं निकलता है, ऐसे परीक्षार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उल्लेखित बैंक के मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क कर अपनी समस्या का निदान करवा सकते है।**
5. विश्वविद्यालय ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र किसी भी कक्षा के लिये समस्त छात्रों के लिये खुला है अर्थात् कोई भी छात्र किसी भी कक्षा का परीक्षा आवेदन पत्र भर सकेगा। परन्तु समस्त छात्रों को निर्देशित किया जाता है कि ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने का कदापि यह अर्थ नहीं निकाले की वे परीक्षा में बैठने की पात्रता रखते हैं, परीक्षार्थी की पात्रता परीक्षा के किसी भी प्रक्रम में यथा–परीक्षा के दौरान, परीक्षा सम्पन्न होने के पश्चात्, परीक्षा परिणाम जारी होने से पहले अथवा परीक्षा परिणाम जारी होने के पश्चात् पात्रता पूर्ण नहीं होने की स्थिति में विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र/परीक्षा परिणाम निरस्त किया जा सकता है।
6. स्नातक सेमेस्टर–प्रथम की परीक्षा हेतु आवेदन करने वाले राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर से वर्ष 2017, 2018, 2019, 2020, 2021, 2022, 2023 एवं 2024 में उत्तीर्ण अभ्यर्थी अपनी 12वीं कक्षा का रोल नं. प्रविष्ट कर परीक्षा आवेदन पत्र भरेगें। स्नातकोत्तर सेमेस्टर प्रथम की परीक्षा में प्रथम बार प्रविष्ट होने वाले छात्र फ्रेश फार्म भरेगें।
7. **स्नातक (कला/विज्ञान) परीक्षा में जिन स्वयंपाठी परीक्षार्थियों ने प्रायोगिक विषय का चयन किया है/करेंगे, उन्हें निर्धारित प्रशिक्षण केन्द्रों पर प्रायोगिक विषयों में प्रशिक्षण हेतु पंजीकरण करवाकर निर्धारित तिथि तक शुल्क जमा करवाना होगा। तत्पश्चात् प्रायोगिक प्रशिक्षण हेतु सम्बन्धित महाविद्यालयों में सम्पर्क करें, अन्यथा वे प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे। इसके लिये विश्वविद्यालय द्वारा पृथक से कोई सूचना परीक्षार्थी को नहीं दी जायेगी।**
8. परीक्षा 2016, 2017, 2018, 2019, 2020, 2021, 2022 एवं 2023 में प्रविष्ट हो चुके अभ्यर्थी अपना ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने के लिए पिछली कक्षा के रोल नं. को प्रविष्ट कर परीक्षा आवेदन पत्र भर सकेगें।
9. परीक्षार्थी परीक्षा फार्म की हार्डकॉपी की दो प्रतियों के साथ, शुल्क रसीद की मूल प्रति संलग्न कर, अन्य आवश्यक दस्तावेजों यथा–अंकतालिकाओं की प्रतियां, माईग्रेशन सर्टिफिकेट इत्यादि सहित शुल्क जमा कराने के पश्चात्, निर्धारित अन्तिम तिथि तक सम्बन्धित महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र/विभाग में जमा करावें। पूर्व विद्यार्थी (Ex-Student) परीक्षा फार्म को उसी महाविद्यालय/विभाग में जमा करावें जहाँ वे नियमित (Regular) परीक्षार्थी के रूप में अनुत्तीर्ण घोषित हुए थे। सभी परीक्षार्थी अपना परीक्षा/नामांकन/पात्रता आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग/महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र पर जमा करावें। परीक्षार्थी द्वारा **डाक से विश्वविद्यालय में भेजा गया परीक्षा/नामांकन/पात्रता आवेदन पत्र स्वतः ही निरस्त माना जावेगा।**
10. **वर्ष दिसम्बर–2024 की परीक्षा के लिये ऑनलाईन (सम्बन्धित कक्षा के लिये) परीक्षा आवेदन पत्र भरते समय समस्त परीक्षार्थियों को अपनी 10वीं, 12वीं, प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष, तृतीय वर्ष, पूर्वार्द्ध व उत्तरार्द्ध एवं समस्त सेमेस्टर की मूल अंकतालिकाओं एवं दस्तावेजों की कॉपी JPEG Format में अपलोड करवाया जाना अनिवार्य है।**
11. परीक्षा आवेदन पत्र भरते समय परीक्षार्थी को स्वयं की ई–मेल आई.डी. तथा स्वयं का मोबाईल नं. जिससे ई–मेल आई.डी. बनायी गई है, उसी को परीक्षा आवेदन पत्र भरते समय प्रविष्ट करना अनिवार्य है। **अन्य किसी की ई–मेल आई.डी. एवं मोबाईल नं. भरने पर परीक्षा आवेदन पत्र मान्य नहीं होगा।** परीक्षा से सम्बन्धित आगामी जानकारी यथा–प्रायोगिक परीक्षा, परीक्षा आवेदन पत्र में रही त्रुटि, वांछित दस्तावेज इत्यादि की सूचना आपके ई–मेल आई.डी. एवं मोबाईल नं. पर ही प्रदान की जावेगी तथा आपके द्वारा ईमेल आई.

डी. पर दी गई सूचना के उपरान्त आपने किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की तो उसके लिये विश्वविद्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

12. विश्वविद्यालय परीक्षा आवेदन पत्र हेतु परीक्षा एवं नामांकन/पात्रता आवेदन शुल्क विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत **आई.सी.आई.सी.आई. पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से ऑनलाईन जमा करवाया गया शुल्क ही मान्य होगा**; ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से किसी भी बैंक के डेबिट कार्ड एवं नेट बैंकिंग के द्वारा परीक्षा शुल्क जमा करवा सकते है। **अन्य किसी बैंक में जमा करवाया गया परीक्षा शुल्क मान्य नहीं होगा, ना ही लौटाया जावेगा। निर्धारित ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के अलावा अन्य किसी माध्यम से जमा करवाया गया परीक्षा शुल्क (जैसे–नकद/बैंक ड्राफ्ट/पोस्टल ऑर्डर आदि) के द्वारा स्वीकार्य नहीं होगा ।**

13. **परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है, कि वह अपना परीक्षा आवेदन पत्र भरने से पूर्व स्वयं अपनी पात्रता सुनिश्चित कर लेवें एवं परीक्षा आवेदन पत्र सावधानीपूर्वक भरने के पश्चात् ही परीक्षा शुल्क ऑनलाईन जमा करावें। चूंकि परीक्षार्थी द्वारा स्वंय की गलती से जमा करवाया गया परीक्षा शुल्क लौटाया (Non-Refundable) नहीं जावेगा।**

14. नियमित परीक्षार्थी सम्बन्धित महाविद्यालय द्वारा आवंटित वैकल्पिक विषयों के साथ ही परीक्षा आवेदन पत्र भरें, सम्बन्धित महाविद्यालय एवं परीक्षार्थी ध्यान रखें कि चयनित वैकल्पिक विषयों का एक बार चयन करने के पश्चात् किसी भी परिस्थिति में बदलाव सम्भव नहीं होगा।

15. परीक्षार्थियों को परीक्षा आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर स्वयं का आधार नम्बर दर्ज करना अनिवार्य है।

16. विश्वविद्यालय नियमानुसार नियमित अनुत्तीर्ण छात्र, पूर्व छात्र (Ex-Student) के रूप में उसी महाविद्यालय से परीक्षा आवेदन पत्र प्रस्तुत करेगें जहां वे नियमित छात्र थे तथा स्वयंपाठी अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी स्वयंपाठी (Non-Collegiate) के रूप में ही परीक्षा आवेदन पत्र भरेगें।

17. **माननीय उच्च न्यायालय के निर्णयानुसार नियमित छात्र/छात्राओं की 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है।**

18. कोई भी अभ्यर्थी एक सत्र में नियमित/पूर्व छात्र/स्वयंपाठी के रूप में एक से अधिक परीक्षा में नियमानुसार प्रविष्ट नहीं हो सकता है। यदि कोई अभ्यर्थी एक ही सत्र में दो अलग–अलग परीक्षाओं में प्रविष्ट होना पाया जाता है तो अभ्यर्थी की दोनों परीक्षाओं के परीक्षा आवेदन पत्र निरस्त करते हुए, नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। भविष्य में भी ऐसा पाये जाने पर विश्वविद्यालय के द्वारा दोनों ही परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

19. विश्वविद्यालय क्षेत्राधिकार में 2½ वर्ष से अधिक समय से निवास करने वाले स्वयंपाठी अभ्यर्थियों को तत्सम्बन्धी प्रमाण पत्र परीक्षा आवेदन पत्र में यथास्थान सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित कराना है।

20. महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा आवेदन पत्र जमा करवाने वाले अभ्यर्थी अपने परीक्षा आवेदन पत्र के साथ पूर्व की सभी सम्बन्धित परीक्षाओं की अंकतालिकाओं की छाया प्रतियां परीक्षा आवेदन पत्र के साथ संलग्न करने से पूर्व सम्बन्धित महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र के प्राचार्य/केन्द्राधीक्षक से मूल अंकतालिकाओं से सत्यापित करवाया जाना अनिवार्य है।

21. **माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान से उत्तीर्ण समस्त वर्षों की मूल अंकतालिकाओं को सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य एवं केन्द्राधीक्षक द्वारा सत्यापन किया जाना है। किसी भी छात्र द्वारा मूल अंकतालिकाऐं परीक्षा आवेदन पत्र के साथ संलग्न नहीं की जानी हैं। प्राचार्य/केन्द्राधीक्षक मूल अंकतालिकाओं को देखकर ही सत्यापित करना अनिवार्य है, इस स्थिति में समस्त जिम्मेदारी प्राचार्य/केन्द्राधीक्षक की होगी।**

22. **केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से किसी भी वर्ष में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों द्वारा मूल अंकतालिकाओं को सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य एवं केन्द्राधीक्षक द्वारा सत्यापित प्रति परीक्षा आवेदन पत्र के साथ संलग्न की जानी है, केवल प्रव्रजन प्रमाण पत्र** (Migration Certificate) **की मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। प्राचार्य/केन्द्राधीक्षक मूल अंकतालिकाओं को देखकर ही सत्यापित करना अनिवार्य है, इस स्थिति में समस्त जिम्मेदारी प्राचार्य/केन्द्राधीक्षक की होगी।**

23. **माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अतिरिक्त अन्य राज्यों के मान्यता प्राप्त बोर्डों से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को परीक्षा आवेदन पत्र के साथ मूल अंकतालिकाएं एवं मूल प्रव्रजन प्रमाण पत्र (Migration Certificate) संलग्न किया जाना अनिवार्य हैं।**

24. **कोटा विश्वविद्यालय, कोटा के अतिरिक्त अन्य विश्वविद्यालयों से स्नातक/स्नातकोत्तर की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थी अपने परीक्षा आवेदन पत्र के साथ मूल अंकतालिकाऐं एवं मूल प्रव्रजन प्रमाण पत्र (Migration Certificate) संलग्न किया जाना अनिवार्य हैं। अन्य विश्वविद्यालय से स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम सत्यापन की कार्यवाही पूर्ण होने के पश्चात् ही जारी किया जा सकेगा। कोटा विश्वविद्यालय, कोटा से उत्तीर्ण स्नातक/स्नातकोत्तर एवं अन्य परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को केवल अंकतालिकाओं की सत्यापित छायाप्रति ही संलग्न करनी है।**

25. **ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने सम्बन्धी कोई समस्या होने पर छात्र हेल्पलाईन नं. 7414071294 अथवा 9983544073 पर सम्पर्क कर सकते हैं।**

26. परीक्षा आवेदन पत्र में ऑनलाईन भुगतान सम्बन्धी समस्या हेतु हेल्पलाईन नं.–**7230004969** पर सम्पर्क करें।

Praveen

परीक्षा नियंत्रक